भारतीय भाषा उत्सव २०२३

दिनांक- ११ दिसंबर २०२३

न्यू हॉराइज़न गुरूकुल में **'भारतीय भाषा : एक सांस्कृतिक धरोहर'** की भावना व विचार को ध्यान में रखते हुए सभी भाषाओं को समुचित मान तथा सम्मान दिया जाता है और इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए,बड़े ही जोश और उत्साह के साथ हिन्दी विभाग ने 'भारतीय भाषा उत्सव' समारोह का आयोजन किया।

बहुभाषावाद को मज़बूत करने व विविधता में एकता का अनुभव कराने के लिए न्यू हॉराइज़न गुरूकुल के बच्चे इस दिन को पूरी लगन और उत्साह से मनाने में जुट गए और ११ दिसंबर २०२३ को विद्यालय में **'भारतीय भाषा उत्सव'** के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा १ से कक्षा १२ तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने सभी को भारतीय भाषा उत्सव की बधाई देते हुए अपनी मधुर वाणी में **' हिंद देश के निवासी'** गीत गाकर सभा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षक वर्ग को अपने मधुर गीत से मंत्रमुग्ध कर दिया। माध्यमिक वर्ग और उच्च माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने **'मिले सुर मेरा तुम्हारा'** पंक्तियों पर एक अपनी विशेष प्रस्तुति देकर अपने जीवंत एवं मनमोहक प्रदर्शन से दर्शकों को आह्लादित किया। **'मेरी भाषा मेरे हस्ताक्षर'** अभियान ने विशेष रूप से सभी को आकर्षित किया ।इस अभियान का आयोजन स्कूल परिसर में प्रमुख स्थानों पर बोर्ड लगाकर किया गया, जहां छात्रों ने प्रतिज्ञा के साथ अपनी मूल भाषा में हस्ताक्षर किए।

सभा के समापन में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या सिंह ने भारतीय भाषाउत्सव की बधाई देते हुए कहा कि भाषाएँ एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा नहीं रखती बल्कि समाज को एकजुट करने में एक अहम् भूमिका निभाती हैं इसलिए राष्ट्रीय एकता और सद्भावना की इस डोर को निरंतर

मजबूत करना हमारा प्रथम कर्तव्य है ,उनके इन्हीं प्रेरणादायी शब्दों के साथ शानदार समारोह का समापन किया गया ।

जय हिंद जय भारत